ध्वजारोहण करते हुए माननीय कुलपति डॉ. सुरिन्दर सिंह एवं लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2025** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर बालापार में पंचकर्म केन्द्र के भव्य प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुति और डेयर डेविल्स शौर्य प्रदर्शन के साथ मनाया गया।

माननीय कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों और शिक्षकों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस का थीम स्वर्णिम भारत विरासत और विकास है जो देश की प्रगति यात्रा को दर्शाती है। इस समृद्धि की यात्रा में बहुत सारी चुनौतियां आईं हमने पार भी किया। बीते बीस वर्ष भारत के इतिहास में सबसे तेजी से विकास यात्रा के वर्ष रहे हैं। इसमें युवाओं का अहम योगदान रहा है। निश्चित ही हमारे विद्यार्थी और युवा विकसित भारत का सपना साकार करेंगे। गणतंत्र भारतवर्ष की उभरती आकांक्षाओं का है। गणतंत्र मूल्यों का अर्थ है लोकतंत्र, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बहुलता, विचार, अभिव्यक्ति विश्वास एवं मान्यता की स्वतंत्रता का मूल्य हमें न केवल रचनात्मक बनाता है अपितु हमारे राष्ट्र की सर्वतोमुखी प्रगति में नागरिकों के योगदान की भूमिका को भी सुनिश्चित करता है। इस समृद्ध गणतंत्र की यात्रा में कई चुनौतियाँ आती हैं जो हमारे देश की एकता, अखंडता और विकास को प्रभावित करती हैं।

विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मान सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि देश की अखंडता एवं लोकतंत्र की अजेयता को समर्पित भारत के सृजन और संकल्प की प्रेरणा गणतंत्र दिवस दे रहा है। हमारा युवा किसी से कम नहीं है। आप जो भी करें राष्ट्रहित का ध्यान रखकर करें सब अच्छा होगा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय नीत नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आप सबको बधाई भी देता हूं कि यहां की एक एनसीसी कैडेट्स का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी हुआ है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत और नृत्य ने सभी को देश भक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं राष्ट्रीय कैडेट कोर 102 यू. पी. बटालियन विश्वविद्यालय की कंपनी ने लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर और डेयर डेविल्स शौर्य प्रदर्शन किया। परेड और डेयर डेविल्स दल का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर सागर जायसवाल, अंडर आफिसर अंशिका सिंह, अंडर आफिसर मोती लाल, सार्जेंट खुशी गुप्ता, सार्जेंट आदित्य विश्वकर्मा, कैडेट कृष्णा त्रिपाठी ने किया। पहली बार डेयर डेविल्स के बाइकर्स ग्रुप के कैडेट्स ने अद्‌भुत संतुलन अदम्य शौर्य साहस से तिरंगे के साथ प्रदर्शन किया।

रोमांचित सभी विद्यार्थियों और दर्शकों ने भारत माता के जयकारे लगाकर डेयर डेविल्स दल का उत्साहवर्धन किया। कैडेट्स द्वारा बाइक पर पिरामिड बना बाइक राइडिंग सभी के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहा।

एनसीसी कैडेट्स सीनियर अण्डर अफसर सागर जायसवाल, मोतीलाल, अंशिका सिंह, सार्जेंट आदित्य, कार्पोरल अभिषेक कैडेट्स अनुभव को माननीय कुलपति प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन में मंच संचालन उत्कर्ष सिंह, अभिषेक ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन में एनसीसी और एनएसएस के सभी इकाइयों का योगदान रहा।

कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, डॉ. डी.एस. अजीथा, प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. शशिकांत सिंह, डॉ. विमल कुमार दुबे, डॉ. रोहित श्रीवास्तव, तरुण शाह सहित सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।